जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

7 फरवरी, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने वार्षिक खेल दिवस 2024-25 का आयोजन किया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने शुक्रवार, 7 फरवरी 2025 को प्रातः 9:30 बजे अपना वार्षिक खेल दिवस 2024-25 को सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने सम्मानित अतिथियों, संकाय सदस्यों और उत्साही छात्रों की उपस्थिति में किया।

मिडिल और सीनियर सेक्शन के छात्रों ने मार्च पास्ट, डांस और पीटी, रस्साकशी, चू चू ट्रेन, रेस, बॉल थ्रो और शॉट पुट सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व पर खेल कार्यक्रम ने प्रकाश डाला।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया। उनकी उपस्थिति और प्रोत्साहन भरे शब्दों ने युवा एथलीटों को खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर वक्तव्य देते हुए सैयद आबिद हुसैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल शगुफ्ता शानदार खान ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया और प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का समापन शानदार तरीके से हुआ जिसमें छात्रों के बीच खेल भावना और एकता का जश्न मनाया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया